प्रसार भारती

आकाशवाणी शिमला

20.02.2026 / प्रादेशिक समाचार / बीना / 15:00 बजे

प्रधानमंत्री–स्टार्टअप गोलमेज बैठक

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज नई दिल्ली के सेवा तीर्थ में एआई और डीपटेक स्टार्टअप के मुख्य कार्यकारी अधिकारिओं के साथ एक बैठक की। इस दौरान प्रधानमंत्री ने कृषि, पर्यावरण संरक्षण और मातृभाषा में उच्च शिक्षा को बढ़ावा देने जैसे विभिन्न क्षेत्रों में एआई तकनीक के उपयोग की संभावनाओं पर चर्चा की। नरेंद्र मोदी ने मजबूत डेटा प्रबंधन की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने गलत सूचनाओं के प्रति आगाह किया और देश की जरूरतों के अनुरूप समाधान विकसित करने का आग्रह किया। यूपीआई को सरल और विस्तार योग्य डिजिटल नवाचार का एक मॉडल बताते हुए उन्होंने भारतीय कंपनियों में विश्वास व्यक्त किया और घरेलू उत्पादों पर भरोसा करने के लिए प्रोत्साहित किया। प्रधानमंत्री ने अंतरिक्ष क्षेत्र में निजी भागीदारी बढ़ाने की बात भी कही और भारतीय स्टार्टअप में निवेशकों की मजबूत रुचि का उल्लेख किया। गोलमेज बैठक के दौरान 16 एआई और डीपटेक स्टार्टअप के सीईओ और संस्थापकों ने अपने विचार और कार्य प्रस्तुत किए। एआई स्टार्टअप्स ने भारत द्वारा अपने एआई पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने के लिए किए जा रहे निरंतर प्रयासों की सराहना की।

वैष्णव–पैक्स सिलिका

केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि भारत और अमरीका के बीच हुआ पैक्स सिलिका समझौता सेमीकंडक्टर आपूर्ति श्रृंखला, सेमीकंडक्टर विनिर्माण और चिप डिजाइन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। अश्विनी वैष्णव ने कहा कि इस समझौते से भारत में संपूर्ण सेमीकंडक्टर इकोसिस्टम स्थापित करने में सहायक होगा और इससे इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र को काफी लाभ होगा।

अश्विनी वैष्णव ने कहा कि भारत की विश्वसनीय विदेश नीति और प्रतिभाओं के विशाल भंडार के कारण आज दुनिया भारत पर भरोसा करती है। उन्होंने कहा कि भारत का पहला सेमीकंडक्टर संयंत्र बहुत जल्द वाणिज्यिक उत्पादन शुरू करेगा।

चुनाव आयोग–विशेष गहन पुनरीक्षण

निर्वाचन आयोग ने हिमाचल सहित 22 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्यनिर्वाचन अधिकारियों को आगामी विशेष गहन पुनरीक्षण – एसआईआर से संबंधित तैयारियों को पूरा करने के निर्देश दिए हैं। आयोग ने इन राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों से प्रारंभिक कार्य पूरा करने को कहा है। विशेष गहन पुनरीक्षण का यह चरण इस वर्ष अप्रैल से शुरू होने की उम्मीद है। आयोग ने कहा कि वर्तमान में 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में एसआईआर का काम चल रहा है।

बिंदल

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने कहा है कि प्रदेश की वर्तमान कांग्रेस सरकार ने अपने कार्यकाल में अब तक करीब 45 हजार करोड़ रूपए का कर्ज लेकर प्रदेश की आर्थिक स्थिति को बर्बाद कर दिया है। उन्होंने कहा है कि प्रदेश की जनता ने कांग्रेस को प्रदेश का भाग्य सुधारने के लिए चुना था लेकिन सरकार जनता को राहत देने के बजाय सड़कों पर उतर कर धरने और प्रदर्शन की राजनीति कर रही है। राजीव बिंदल ने कहा कि केंद्र सरकार ने वर्ष 2015 से 2025 के बीच प्रदेश को 89 हजार करोड़ की सहायता दी है। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र से इतनी सहायता मिलने के बावजूद प्रदेश में बेरोजगारी बढ़ी और सरकार नये–नये कर लगा कर जनता पर बोझ डाल रही है।

पर्यटन

चम्बा जिला को विश्व पर्यटन मानचित्र पर लाने के लिए प्रयास तेज हो गए हैं। इसके लिए जिला में पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा दिया जा रहा है। इसी कड़ी में चमेरा जलाशय पर बसे जिला चम्बा के पर्यटन स्थल तलेरु में लेक फेस्टिवल का आयोजन किया जा रहा है। अधिक ब्यौरे के साथ हमारे चंबा जिला सम्वाद्दाता.......

जिला चम्बा की समृद्ध संस्कृति को बढ़ावा देने और जिला की तरफ पर्यटकों को आकर्षित करने में लेक फेस्टिवल अहम भूमिका निभाएगा। इस आयोजन के माध्यम से जिला चम्बा के सलूणी व तीसा क्षेत्र के अनछुए पर्यटन स्थलों को प्रोत्साहित करने का प्रयास किया जा रहा है। फेस्टिवल के दौरान दो दिनों तक सांस्कृतिक संध्या आयोजित की जाएगी जिनमें स्थानीय लोक संगीत एवं लोक नृत्य की झलक भी पर्यटकों को देखने को मिलेगी।प् साथ ही पर्यटकों के लिए बोटिंग सहित विभिन्न गतिविधियों का भी आयोजन भी किया जाएगा। प्रशासन को उम्मीद है कि इस लेक फेस्टिवल के बाद जिला चम्बा के पर्यटन को नए पंख लगेंगे।
—आकाशवाणी के लिए चंबा से विकास ठाकुर

———————————————————————————————————